# कोयतुरो की बुलन्द आवाज
# कोयतुर टाइम्स

**सुविचार -**
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

गुरुवार 16 जनवरी 2025 | RNI: UDYAM-CG-11-0005844 | www.koyturtimes.com

## जशपुर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से 'स्वस्थ माता-तंदुरुस्त बच्चा' अभियान का किया गया शुभारंभ



जशपुर: माताओं एवं बच्चों का उत्तम स्वास्थ्य प्रदेश की उन्नति और समृद्धि का आधार बनेगा। माताओं एवं बच्चों का उत्तम स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ के लोककल्याणकारी राज्य की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से आईआईटी बॉम्बे-जशपुर पोषण मिशन अंतर्गत 'स्वस्थ माता- तंदुरुस्त बच्चा' अभियान का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गर्भवती माताओं और बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने जशपुर जिले में 'स्वस्थ माता-तंदुरुस्त बच्चा' अभियान का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इस अभियान के तहत 9500 से अधिक स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आईआईटी बॉम्बे के माध्यम से पोषण संबंधी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत माताओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अभियान के तहत 300 से अधिक मास्टर ट्रेनर जिले में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं को सतत प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जशपुर जिले में कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करना और माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। अभियान के तहत् गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं और 6 वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने का लक्ष्य है। इसमें विशेष रूप से स्तनपान, पोषण आहार और पूरक आहार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस पहल के जरिए गर्भवती माताओं को सही पोषण की जानकारी दी जाएगी, जिससे बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बन सके । मुख्यमंत्री श्री साय ने 'स्वस्थ माता- तंदुरुस्त बच्चा' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल जिले में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता को बढ़ाएगी, साथ ही कुपोषण को खत्म करने और गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं तथा 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक होगी।

### उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ को एयरपोर्ट में दी गई भावभीनी बिदाई



रायपुर: उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के पश्चात नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनको माना एयरपोर्ट रायपुर में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भावभीनी बिदाई दी। केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण श्री पुरंदर मिश्रा, श्री सुनील सोनी, श्री अनुज शर्मा, श्री मोतीलाल साहू ने भी उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिलेगा 1874 करोड़ रुपये अतिरिक्त आवंटन

संवाददाता | रायपुर

रायपुर: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य न सिर्फ अपनी जनहितैषी नीतियों एवं कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, अपितु राज्य के बजट और केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि का जनहित में सदुपयोग सुनिश्चित कर केंद्र सरकार से सराहना और प्रोत्साहन राशि की भी हकदार बनी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि राज्य की जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के तहत आवंटित धनराशि का कुशल और प्रभावी उपयोग किया है, जिसकी केंद्र सरकार ने सराहना की है। पूंजीगत व्यय के तहत राशि के सदुपयोग के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य को शीघ्र ही 1874 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन मिलेगा। यह राशि राज्य के बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए खर्च की जाएगी । पूंजीगत व्यय यानि कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अर्थ है उन पूंजीगत व्ययों का प्रावधान, जो किसी राज्य या देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए परिसंपत्तियों के सृजन और दीर्घकालिक विकास के लिए किए जाते हैं। बजट में इसे इसलिए शामिल किया जाता है ताकि सरकारी धन का उपयोग सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और उद्योग जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और विकास के लिए किया जा सके। छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और राज्य के समग्र विकास को गति देना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय (राज्य कैपेक्स) में 17,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि सड़कों, पुलों, स्कूलों, अस्पतालों, औद्योगिक परियोजनाओं और सिंचाई योजनाओं पर खर्च की जा रही है। राज्य को केंद्र से 1874 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन मिलने से नई परियोजनाओं को लागू करने, रोजगार सृजन और राज्य के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

**ब्रेकिंग न्यूज** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 1.14 करोड़ की लागत से ट्रांजिस्ट हॉस्टल

## उद्योग मंत्री ने किया कोरबा शहर के छह वार्डों में 6.56 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

रायपुर: वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मुड़ापार दशहरा मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिला खनिज न्यास मद, विधायक निधि, अधोसंरचना मद, 14वे वित्त आयोग, 15 वित्त आयोग मद से 6.56 करोड़ के कार्यों की सौगात दी। वॉर्ड क्रमांक 26 मुड़ापार बाजार में विभिन्न विकास एवं जीर्णधार कार्य 149.96 लाख, वार्ड क्रमांक 13 सीएसईबी चौक सेंट्रल स्टोर से स्टेडियम चौक तक रेलिंग से डिवाइडर व विद्युतीकरण का कार्य 128 लाख, वार्ड क्रमांक 13 सतगुरु कांटा घर से पीएससी पंप हाउस तक आरसीसी रोड नाला निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 25 बुधवारी बाईपास मार्ग सेवा भारती कोरबा विवेकानंद सेवा सदन में हाल एवं पांच कमरे का निर्माण 20 लाख, वार्ड क्रमांक 25 ब्रह्मवाटिका मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के पीछे सामुदायिक भवन का निर्माण 20 लाख, वार्ड क्रमांक 25 बुधवारी कोरबा आदिवासी शक्तिपीठ के पास अतिरिक्त विकास कार्य 12 लाख, एवं सौंदर्यीकरण कार्य 25 लाख, वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के पीछे सामुद्रिक भवन का निर्माण कार्य 20 लाख, वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत कुआंभटा के पास भवन एवं शौचालय निर्माण 5 लाख, वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत मेन रोड से सामुदायिक भवन तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 14 लाख, वार्ड क्रमांक 32 डिंगापुर से भगत समाज मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्रमांक 12 शारदा बिहार राधा कृष्ण मंदिर के समीप आरसीसी छत व अन्य विस्तार कार्य 10 लाख,




वार्ड क्रमांक 57 भैरोताल में शासकीय माध्यमिक शाला में नवीन स्कूल भवन सह शौचालय निर्माण कार्य 16. 58 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 1.14 करोड़ की लागत से ट्रांजिस्ट हॉस्टल का भी मंत्री श्री देवांगन ने लोकार्पण किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य कराएं जा रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में होगा स्वागत समारोह : तैयारी के लिए राजभवन में हुई बैठक



रायपुर: गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को राज्यपाल श्री रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति में राजभवन में शाम 5:15 बजे से ''स्वागत समारोह'' का आयोजन किया जाएगा। जिसमे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पद्मश्री, पद्मभूषण से सम्मानित राज्य के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संध्याकाल में 'एट होम फंक्शन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए आज राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राजभवन परिसर एवं आस-पास की साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, रोशनी एवं झालर व्यवस्था, ट्रैफिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं वितरण एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में सभी आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में रायपुर जिले के प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजभवन के अधिकारी, नगर निगम, लोकनिर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिजली, उद्यानिकी, आयुष विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से विनोद बिहारी का अधूरा सपना हुआ साकार



रायपुर: महल हो या झोपड़ी अपना घर अपना होता है, हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि छांव के लिए उसका एक खुद का घर हो। स्वयं का घर होने से कई सारे फायदे हैं अपना घर व्यक्ति को वित्तीय सुरक्षा देता है। एक घर को अपना घर कहने मे जो गौरव की अनुभूति होती है, इसी सपने को सरकार द्वारा साकार किया जा रहा है। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबके की भलाई के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित की जारही है इस योजना से जरूरत मंद लोगो को आवास भी स्वीकृत किये जा रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब और आवासहीन लोगों के जीवन में नई रोशनी और उत्साह भर दिया है। इसी योजना के माध्यम से महासमंुद जिले के सरायपाली वार्ड क्रमांक 15 के महल पारा में रहने वाले 63 वर्षीय विनोद बिहारी कर का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ। विनोद जो कपड़ों का गट्ठा लेकर साइकिल पर अलग-अलग बाजारों में जाकर अपनी आजीविका चलाते हैं उनका जीवन हमेशा संघर्षमय रहा। उनकी आय सीमित होने के कारण पक्के मकान का सपना केवल एक कल्पना बनकर रह गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी श्रीमती कविता कर हैं। बरसात के मौसम में उनका कच्चा मकान गिरने का हमेशा डर बना रहता था । दो साल पहले, नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके वार्ड में सर्वे और जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। योजना की जानकारी मिलने पर विनोद बिहारी ने आवेदन भरा और उनका नाम स्वीकृत हुआ। सरकार से मिली सहायता राशि ने उनके सपनों को हकीकत में बदल दिया। आज विनोद बिहारी का पक्का मकान तैयार हो चुका है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए वे कहते हैं, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा अपना पक्का मकान होगा। यह सपना प्रधानमंत्री आवास योजना ने पूरा किया। अब मैं और मेरी पत्नी सुरक्षित महसूस करते हैं। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। "प्रधानमंत्री आवास योजना हम जैसे गरीब और समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का एक बड़ा माध्यम बन गई है।

## जप्तशुदा लावारिस वाहनों की निलामी स्थगित

संवाददाता | बलौदाबाजार

एमसीबी: पुलिस अधीक्षक जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के प्रतिवेदन दिनांक 03 जनवरी 2025 को पत्र क्रमांक 54/स्था./न.क्र./2025 के अनुसार जिले के अनुभागों में जप्दशुदा लावारिस वाहनों की निलामी किये जाने हेतु दिनांक 20 जनवरी 2025 समय- 12:00 बजे, स्थान- थाना मनेंद्रगढ़-जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में किया जाना प्रस्तावित किया गया था। परंतु कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण लंबित होने की वजह से जप्तशुदा लावारिस वाहनों की नीलामी स्थगित की जाती है। कलेक्टर न्यायालय से प्रकरणों के आदेश होने के पश्चात नीलामी की सूचना पृथक से दी जायेगी।

## उद्योग मंत्री ने दी 9.05 करोड़ के विकास कार्यों की रखी नींव, संवरेंगे मुड़ापार बाजार और स्टेडियम मार्ग

Koytur times



वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने बुधवार को कोरबा में 9.05 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने तिलक भवन, मुड़ापार दशहरा मैदान, जिला अस्पताल और में आयोजित ढोढीपारा कार्यक्रम में विभिन्न 19 विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा शहरवासियों के लिए आज करीब 9 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है। विगत 10 दिन के भीतर 25 करोड़ से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन किया जा चुका है, श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तेज गति से हर वार्ड का विकास किया जा रहा है। कोरबा की जनता को किसी भी विकास कार्यों के लिए अब चिंता करने या मांगने की जरूरत नहीं है। ऊर्जाधानी के गौरव के अनुरूप प्रगति पथ पर कोरबा अग्रसर है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 16 के पूर्व पार्षद श्री नरेंद्र यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल, नरेंद्र पाटनवार समेत अधिक संख्या में वॉर्ड वासी उपस्थित रहे।

### पत्रकारों के कॉलोनी के लिए 78.48 लाख और प्रेस क्लब पर खर्च होंगे 10 लाख

तिलक भवन प्रेस क्लब कोरबा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि वार्ड क्रमांक 31 गोकुल नगर पत्रकार कॉलोनी के विकास कार्य का अधोसंरचना मद के 78.48 लाख रूपए और तिलक भवन के छत मरम्मत व शौचालय निर्माण का कार्य 10 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा के पत्रकारों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने खरमोरा में जमीन आबंटित की थी। अब विष्णुदेव की सरकार में कॉलोनी का विकास होने जा रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, कमलेश यादव, विश्वनाथ केडिया, मनोज शर्मा, मनोज ठाकुर, नागेंद्र श्रीवास समेत पत्रकार उपस्थित रहे।

### 43.49 लाख की लागत से हमर अस्पताल का होगा निर्माण

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढ़ोढीपारा हमर अस्पताल लागत 43.49 लाख रूपए के कार्यों का मंत्री श्री देवांगन ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं। हाल ही में मेडिकल अस्पताल में 200 बेड अस्पताल के लिए 43.80 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान हुई है।

## बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए एकाग्रता और कठिन परिश्रम जरूरी: मंत्री श्री रामविचार नेताम



रायपुर: आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए एकाग्रता और कठिन परिश्रम जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में संयम के साथ ईमानदारी और लगन से परिश्रम करते है, तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि सभी के साथ अपने बच्चे के बेहतर भविष्य के निर्माण का सपना जुड़ा होता है। विद्यार्थियों को भी अपने माता-पिता तथा रिश्ते-नातेदारों के सपने को साकार करने के लिए शांत मन से अर्जुन की भांति केवल चिड़िया के नेत्र को केन्द्र में रखकर लक्ष्य को भेदने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रयास में राज्य सरकार भी हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। उक्त बातें आज राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री नेताम ने लगभग 34 लाख रूपए की लागत से निर्मित 40 सीटर नवादिम कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इससे विद्यार्थियों को इंटरनेट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए सहायता मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री श्री नेताम ने नववर्ष की सौगात के रूप में वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को इंग्लिश डिक्शनरी प्रदान की और बच्चों से चर्चा कर उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि पढ़ाई का उद्देश्य सिर्फ नौकरी नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा लेकर औरों को भी रोजगार देने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आवासीय विद्यालयों में सरकार शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रही है। यहां रहने वाले विद्यार्थी हजारों बच्चों में चयन करके शिक्षा के लिए यहां लाया जाता है। विद्यार्थियों को भी अपने मंजिल को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम को रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में आधुनिक स्तर की पढ़ाई करने की जरूरत है। सफलता के लिए हमें शिक्षा के तकनीकी पहलुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना राज्य सरकार कमजोर वर्ग के बच्चों को उच्चतर शिक्षा प्रदान करने निरंतर प्रयास कर रही है। विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परीश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। गौरतलब है कि राज्य सरकार प्रयास विद्यालय के माध्यम से प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र सहित गैर अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नक्सल प्रभावित जिले के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक शालेय शिक्षा के साथ-साथ इंजीनियरिंग मेडिकल, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज, एनटीएसई, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट इत्यादि प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग प्रदान कर इन विद्यार्थियों के स्वयं के प्रतिभा के बल पर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में 884 विद्यार्थी अध्ययनरत है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ इंजीनियरिंग तथा मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग भी प्रदान की जाती है। इस वर्ष आयोजित छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 06 अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है, जो पहले प्रयास विद्यालय में रह कर पढ़ाई कर चुके हैं। इसी प्रकार यहां 9वीं, 10वीं के शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को एनटीएसई, ओलंपियाड, गणित एवं विज्ञान पहेली की तैयारी कराई जा रही है, ताकि इससे इंजीनियरिंग एवं मेडिकल (नीट) की बेसिक तैयारी कराई जा सके। इसी तरह 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को जेईई (मेंस/एडवांस) की तैयारी कराई जा सके। वर्तमान में 173 विद्यार्थियांें को जेईई मेंस और 61 विद्यार्थियों को एनडीए प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराया जा रहा है। प्रयास विद्यालय का 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम लगभग शत्-प्रतिशत रहा है। वर्ष 2024 में 10वीं में 174 विद्यार्थी में से 123 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इनमें 74 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक अर्जित किए। वहीं कक्षा 12वीं में 95 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा जेईई मेंस में 62 विद्यार्थी क्वालीफाई हुए तथा इन 62 विद्यार्थियों में 33 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस क्वालीफाई किया। इसी तरह यहां के विद्यार्थियों ने आईआईटी में 05, एनआईटी में 04 तथा ट्रिपल आईटी में 09 विद्यार्थी ने प्रवेश प्राप्त करने में सफलता पाई है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के आयुक्त श्री पी.एस. एल्मा, अपर संचालक श्री संजय गौड़, प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री अरविन्द जायसवाल, वार्ड पार्षद श्रीमती सुशीला धींवर सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित थे।

### ब्रेकिंग न्यूज अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की पहल

## सौर ऊर्जा और ऑटोमेशन तकनीक से सिंचाई प्रबंधन में क्रांति



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कृषि और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए बहुतेरे प्रयास किए जा रहे हैं। खेती-किसानी को उन्नत करने के लिए किसानों को हर संभव मदद और आदान सहायता दी जा रही है, राज्य में कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो और इसका लाभ किसानों को मिले। उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है। कृषि को समृद्ध बनाने का मतलब छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता प्रदान करना है। कृषि के लिए सिंचाई सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान समय में सिंचाई क्षमता लगभग 39 प्रतिशत है। यही कारण है कि राज्य में वर्षा आधारित एक फसली खेती यहां होती है। कृषि के क्षेत्र में समृद्धि के लिए द्विफसली एवं त्रिफसली खेती जरूरी है। इसको ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के ऐसे इलाकों में जहां नहरों के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है। वहां सौर सुजला योजना एवं किसान समृद्धि योजना अथवा सामान्य नलकूप योजना के माध्यम से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खेतों में नलकूप की स्थापना के लिए अनुदान सहायता दी जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य में सौर सुजला योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के तहत ऐसे इलाके जहां परम्परागत बिजली सुविधा नहीं है, वहां सौर सुजला के नलकूप से किसानों को सिंचाई के लिए सहजता से पानी मिल जाता है। सौर सुजला योजना ने किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने में बहुत मददगार साबित हो रही है। सौर सुजला योजना के पम्पों में ऑटोमेशन तकनीक के उपयोग ने इसको और उपयोगी बना दिया है। सिंचाई के लिए पम्प को चालू और बंद करने के लिए किसानों को अब खेत में जाकर पम्प चालू करने की जरूरत नहीं रही है। किसान अपने घर में ही या किसी दूसरे शहर में वह अपने मोबाईल के माध्यम से सौर सुजला के सिंचाई को आवश्यकता के अनुरूप चालू और बंद करके अपने खेत में सिंचाई का प्रबंधन कर सकता है।

### छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण

छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा और ऑटोमेशन तकनीक का मेल किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) ने सौर पंप ऑटोमेशन तकनीक का सफल प्रयोग कर किसानों को नई सुविधा प्रदान की है। किसान अपने खेत में सोलर पंप को दुनिया के किसी भी कोने से मोबाइल के माध्यम से संचालित कर रहे हैं। क्रेडा द्वारा सौर पंपों में इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित ऑटोमेशन तकनीक जोड़ी गई है। यह तकनीक किसानों को अपने पंपों को दूरस्थ रूप से चालू और बंद करने की सुविधा देती है। इसके लिए केवल एक मोबाइल ऐप की जरूरत होती है। किसान अपने खेत पर शारीरिक रूप से मौजूद हुए बिना, कहीं से भी सिंचाई प्रबंधन कर सकते हैं। क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा ने बीते दिनों धमतरी जिले के भ्रमण के दौरान सौर संयंत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि किसान रमन साहू अपने खेत में लगे सोलर पंप को बिना वहां गए, केवल मोबाइल फोन से ऑपरेट कर रहे थे।

### सौर सुजला सिंचाई पम्प संबंधी समस्याओं के निदान के लिए आया मोबाइल एप

किसान ने बताया, मैं अपने घर से ही पंप चालू और बंद कर लेता हूं। रमन ने बताया कि एक बार वह असम गए थे, तब भी मैंने वहां से अपने पंप को ऑपरेट किया। किसान रमन साहू के खेत में सौर सुजला योजना के तहत फरवरी 2024 में 3 एचपी का सोलर पंप स्थापित किया गया था। इस पंप में अत्याधुनिक ऑटोमेशन तकनीक शामिल है, जिससे पंप को स्मार्टफोन और नेटवर्क की मदद से कहीं से भी नियंत्रित किया जा सकता है। इस तकनीक से किसान अपने समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि क्रेडा द्वारा किसानों के सौर सुजला सिंचाई पम्प संबंधी समस्याओं के निदान के लिए सौर समाधान मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसानों शिकायतों का निवारण जिला या प्रधान कार्यालय स्तर पर किया जाता है। क्रेडा की यह पहल छत्तीसगढ़ के किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ रही है। यह नवाचार कृषि क्षेत्र में दक्षता और उत्पादकता को भी बढ़ावा दे रहा है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बन रही विकास की नई सड़क

### आजादी के 75 वर्षों बाद यह पहली बार बदलाव हुआ



रायपुर

रायपुर: मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल और संवेदनशीलता नेतृत्व में गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के नक्सल प्रभावित दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में पक्की सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नेशनल हाईवे 130 सी के डुमरपड़ाव से जागड़ा तक 4.7 किमी लंबी सड़क के निर्माण के लिए 3.02 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। दशकों से सड़क की मांग कर रहे ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया है। क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के हजारों लोग इस सड़क के अभाव में आवागमन और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित थे। अब इस सड़क के निर्माण से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 75 वर्षों बाद यह पहली बार है जब उनकी सड़क निर्माण की मांग पर गंभीरता से ध्यान दिया गया है। ग्राम पंचायत जागड़ा के सरपंच मिथुला बाई नेताम, उपसरपंच भानु प्रताप सिन्हा और अन्य ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा करके ग्रामीणों के हित के लिए बहुत बड़ा कार्य किया है। ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने हमारी समस्या के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते इसे हल करने की तत्काल पहल की है। उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकास खंड मुख्यालय से 40 किमी दूर पयलीखंड और जांगड़ा जैसे गांव अब पक्की सड़क से जुड़ने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने स्पेशल केंद्रीय सहायता फंड से इस सड़क निर्माण कार्य को मंजूरी दी है। सड़क बन जान से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली जैसी सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीणों को मिल सकेगा। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही है। 3.02 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा होने की उम्मीद है। पक्की सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह है।



# स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से लगातार सशक्त हो रही है स्वास्थ्य सुविधा

Koytur times

रायपुर: प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार सशक्तिकरण हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से राज्य की जनता को सहज और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं नित नये वैज्ञानिक शोध, परीक्षण और निष्कर्ष पर आधारित आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की मदद से आज मनुष्य कई गंभीर बीमारी से ठीक होकर निकल रहे हैं। डॉक्टरों की उपचार प्रक्रिया और मरीज की सकारात्मक सोच की बदौलत कैंसर जैसे असाध्य रोग भी अब साध्य हो चले हैं। इसी क्रम में हाल ही में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के आंकोसर्जरी (कैंसर सर्जरी) विभाग के डॉक्टरों की टीम ने पेट की झिल्ली के (पेरिटोनियम) कैंसर से पीड़ित महिला का उपचार पाइपेक (PIPAC) पद्धति से कर महिला के बहुमूल्य जीवन को बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। संभवतः मध्य भारत के किसी भी शासकीय कैंसर अस्पताल में इस पद्धति से पहली बार इलाज कर डॉक्टरों ने मरीज के पेट की झिल्ली के कैंसर का इलाज किया है। पाइपेक यानी प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोलाइज़्ड कीमोथेरेपी, कैंसर बीमारी में दी जाने वाली कीमोथेरेपी का ही एक प्रकार है।

यह उदर गुहा में दबाव के साथ कीमोथेरेपी को पहुंचाती है जिससे कैंसर कोशिकाओं को फैलने से रोकने में मदद मिलती है। कैंसर सर्जन डॉ.(प्रो.) आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में लेप्रोस्कोपिक विधि से न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया के अंतर्गत किये गये इस उपचार विधि में कीमोथेरेपी को एक मशीन के जरिये एरोसोल के रूप में दिया जाता है जिससे कैंसर उत्तकों में दवा का प्रभाव ज्यादा होता है और कैंसर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ओड़िशा की रहने वाली 54 वर्षीय महिला मरीज को उपचार के पांच दिन बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। उपचार के बाद वह अब ठीक है और फॉलोअप के लिए आ रही है। पाइपेक एक लेप्रोस्कोपिक प्रक्रिया है। इसका मतलब है कि डॉक्टर मरीज के पेट में एक या दो छोटे छेद करके इस प्रक्रिया को पूरी करते हैं जिन्हें एक्सेस पोर्ट भी कहा जाता है। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के संचालक एवं पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने पहली बार इस नये विधि से किये गये सफल उपचार के लिए कैंसर सर्जरी विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने कहा है कि यह एक सुरक्षित और प्रभावी उपचार प्रक्रिया है जो कीमोथेरेपी के प्रभाव को बढ़ाता है। कोलोरेक्टल कैंसर, डिम्बग्रंथि का कैंसर और गैस्ट्रिक कैंसर जैसे कैंसर बीमारियों में कीमोथेरेपी के नये विकल्प के रूप में इसे अपनाया जा सकता है। प्रयास करेंगे कि भविष्य में कैंसर के अन्य मरीजों को भी इस उपचार सुविधा का लाभ मिल सके। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा मरीजों के उपचार हेतु किये जा रहे निष्ठापूर्ण प्रयासों ने लोगों का विश्वास इस संस्था के प्रति सदा से ही बनाये रखा है। कैंसर सर्जन डॉ. आशुतोष गुप्ता के अनुसार, प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोलाइज़्ड कीमोथेरेपी एक तकनीक है जो दबाव के तहत एरोसोल के रूप में उदर गुहा में कीमोथेरेपी को पहुंचाती है। एरोसोल दो शब्दों से मिलकर बना है। एयरो यानी विशेष हवा और सोल अर्थात् द्रव में अत्यंत छोटे कणों के रूप में पदार्थ का मिश्रण। दबावयुक्त एरोसोल पूरे पेट में कीमोथेरेपी को समान रूप से वितरित करता है। एडवांस पेरिटोनियम कैंसर, जीआई कैंसर और एडवांस ओविरयन कैंसर जैसी बीमारियों में उपचार की इस नई प्रक्रिया के कई संभावित लाभ हो सकते हैं। कीमोथेरेपी की उच्च सांद्रता के कारण कैंसर कोशिकाओं से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है और अन्य अंगों को नुकसान कम होता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण जैसे मतली, उल्टी, कब्ज, दस्त और भूख न लगना जैसी स्थितियां कम होती हैं। लीवर और किडनी जैसे अंगों को कम नुकसान होता है। डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले प्रक्रिया के लिए एक्सेस पोर्ट बनाते हैं फिर पेरिटोनियम (पेट की परत वाली झिल्ली) को फुलाने के लिए पोर्ट का उपयोग करते हैं। एक एक्सेस पोर्ट में दबावयुक्त कीमोथेरेपी देने वाला उपकरण डालते हैं। दबावयुक्त एरोसोल कीमोथेरेपी को लगभग 30 मिनट तक पेरिटोनियम के भीतर दिया जाता है। इसके बाद मरीज के पेट से सभी उपकरणों को बाहर निकाल देते हैं और छोटे छेद/चीरे को बंद कर देते हैं। उपचार करने वाली टीम में कैंसर सर्जन डॉ. आशुतोष गुप्ता के साथ डॉ. किशन सोनी, डॉ. राजीव जैन, डॉ. गुंजन अग्रवाल और एनेस्थीसिया से डॉ. शशांक शामिल रहे।

## हमर राज पार्टी की विशेष बैठक 17 जनवरी को उसलापुर में होगा

संवाददाता | बिलासपुर

हमर राज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, एवं सदस्यों की एक विशेष बैठक का आयोजन 17 जनवरी 2025 शुक्रवार को किया जाएगा। यह बैठक कंवर समाज भवन, उसलापुर में सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक का उद्देश्य बिलासपुर जिले के जिला पदाधिकारियों, बिल्हा, मस्तूरी, कोटा और तखतपुर ब्लॉकों के ब्लॉक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ एवं जोन सेक्टर के पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं मनोनयन है। इसके अलावा बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 और नगरी निकाय चुनाव 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण चर्चाएं एवं परिचर्चा की जाएगी। हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, विनोद नागवंशी जी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने सभी से शोषण मीडिया के माध्यम से बैठक का प्रचार-प्रसार करने का भी अनुरोध किया है।

## भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की है महत्वपूर्ण भूमिका: कृषि वैज्ञानिक डॉ. हिमांशु पाठक



रायपुर: भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के डॉ. हिमांशु पाठक महानिदेशक ने जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान रायपुर में नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया। डॉ. पाठक ने संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में उत्कर्षता प्राप्त करने के लिए बुद्धिमता, प्रेरणा और ईमानदारी के मंत्र को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ें। उन्होने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भुमिका पर जोर दिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में जैविक स्ट्रैस के चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डाला एवं संस्थान के इस क्षेत्र में योगदान की सराहना की। डॉ. पाठक ने इस मौके पर अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घिवरा के 4 महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को कृषि प्रसंस्करण यंत्र- आटा चक्की, आलू स्लाइसर मशीन व आलू चिप्स कटिंग मशीन का वितरण किया और समूह की महिलाओं से चर्चा कर समूह से जुड़ने के बाद अजीविका में हुए परिवर्तन की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि समूह को पूर्व में मिली सिलाई मशीनों से अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। इससे पूर्व डॉ. टी. आर. शर्मा, उपमहानिदेशक ने संस्थान कि विभिन्न प्रयोगशालाओ एवं अनुसंधान सुविधाओं का निरीक्षण किया और वैज्ञानिकों को बहुमुल्य मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में केन्द्रींय लोकनिर्माण के मुख्य अभियंता श्री युधिष्ठिर नायक सहित संस्थान से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रमों का संचालन संयुक्त निदेशक डॉ. पंकज शर्मा ने किया।

## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े माँ महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के लोकार्पण में हुई शामिल



एमसीबी: पुलिस अधीक्षक जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के प्रतिवेदन दिनांक 03 जनवरी 2025 को पत्र क्रमांक 54/स्था./न.क्र./2025 के अनुसार जिले के अनुभागों में जप्दशुदा लावारिस वाहनों की निलामी किये जाने हेतु दिनांक 20 जनवरी 2025 समय- 12:00 बजे, स्थान- थाना मनेंद्रगढ़-जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में किया जाना प्रस्तावित किया गया था। परंतु कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण लंबित होने की वजह से जप्तशुदा लावारिस वाहनों की नीलामी स्थगित की जाती है। कलेक्टर न्यायालय से प्रकरणों के आदेश होने के पश्चात नीलामी की सूचना पृथक से दी जायेगी।

## 44 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की पेयजल योजना का काम प्रगति पर

## अमृत मिशन के तहत माना में जल प्रदाय योजना के काम में आएगी तेजी



निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री

● **रायपुर** रायपुर: मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत माना नगर पंचायत में निर्माणाधीन जल प्रदाय योजना के काम में अब तेजी आएगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फील्ड पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल योजना के काम में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रायपुर नगर निगम और माना नगर पंचायत के बीच पेयजल आपूर्ति में समन्वय के लिए रायपुर नगर निगम के आयुक्त को माना नगर पंचायत में पेयजल की उपलब्धता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक मोतीलाल साहू, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा भी कार्यों के निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज माना नगर पंचायत में पुष्प वाटिका गार्डन में निर्माणाधीन पानी टंकी के कार्यों के निरीक्षण के दौरान पेयजल वितरण लाइन के लिए लोक निर्माण विभाग की लगभग नौ किमी की लंबाई की सड़कों को लेकर विभाग और नगर पंचायत के बीच समन्वय की कमी को भी दूर किया। उन्होंने कार्यस्थल पर ही नगरीय निकाय और लोक निर्माण विभाग के बीच जल प्रदाय परियोजनाओं में समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और पाइपलाइन विस्तार का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। श्री साव ने सीएसपीटीसीएल से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तत्काल परियोजना में आ रही भूमि संबंधी दिक्कतों के समाधान के निर्देश दिए। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत माना नगर पंचायत में पेयजल योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत माना नगर पंचायत के करीब चार हजार घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। 44 करोड़ 38 लाख रुपए लागत की इस योजना का अब तक 30 प्रतिशत से अधिक काम पूरा कर लिया गया है। सितम्बर-2025 तक इसका काम पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। माना नगर पंचायत कार्यालय में निर्माणाधीन 840 किलोलीटर और पुष्प वाटिका गार्डन में निर्माणाधीन 650 किलोलीटर क्षमता की दो ओवरहेड पानी टंकियों के माध्यम से माना शहर में जलापूर्ति की जाएगी। दोनों टंकियों का काम क्रमशः 85 प्रतिशत और 75 प्रतिशत पूरा हो गया है। जलापूर्ति के लिए नगर पंचायत में करीब 66 किमी का डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाया जाएगा। इसमें से अब तक 34 किमी से अधिक पाइपलाइन बिछाया जा चुका है।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया गया

संवाददाता | नारायणपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया गया है। इनमें जनपद पंचायत नारायणपुर हेतु लोक निर्माण विभाग से उप अभियंता जितेन्द्र नाग, डालेश्वर बंजारे, शेषलाल गावड़े, बलराम सिंह नायक, प्रणव राय, हेमराज ध्रुव एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से उप अभियंता देवेन्द्र रजक एवं लक्ष्मीकांत पटेल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत ओरछा हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ओरछा लोकेश्वर चतुर्वेदी, विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत ओरछा, प्रभारी तहसीलदार कोहकमेटा चिराग रामटेके, उप अभियंता जनपद पंचायत ओरछा जितेंद्र कुमार साहू, उप अभियंता जनपद पंचायत ओरछा निरज मोटालानी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया गया है।

## मनेंद्रगढ़ के सीलबंद तीन दुकानों के लिए दावा आपत्ति 17 जनवरी तक

संवाददाता | एमसीबी

एमसीबी: नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि हल्का पटवारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा स्थल जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदित किया गया है कि बाह्य नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक 262/1 रकबा 4.31/1430 वर्गफीट खुली भूमि बाह्य नजूल संधारण खसरा में दर्ज भूमि का तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ व जनपद सीईओ मनेन्द्रगढ़ हल्का पटवारी द्वारा स्थल निरीक्षण में पाया कि भू-खण्ड कमांक 262/1 के अंश भाग रकबा 63X53=3339 वर्गफुट भूमि पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ द्वारा निर्मित दो दुकान सह गोदाम व सारांश सिन्हा आ. सत्येन्द्र सिन्हा के अंश भाग रकबा 32X29=928 वर्गफीट पर एक दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। स्थल पर दुकान सह गोदाम में संलग्न अनुसार सामग्री जब्त कर तीन दुकानों को सील बंद किया गया। ऐसा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो 17 जनवरी 2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में स्थानीय आरक्षण पर कानून की माँग को लेकर आदिवासी युवा छात्र संगठन ने सरगुजा आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



सरगुजा/ आदिवासी युवा छात्र संगठन छत्तीसगढ़ ने सरगुजा आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति वर्ग को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए स्थानीय समुदायों की आवाज बुलंद हो रही है। सरगुजा सहित पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति समुदाय की अधिकतम जनसंख्या होने के बावजूद आरक्षण के लाभ सीमित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आरक्षण को राज्य और केंद्र स्तर पर अनुसूचित जनजाति की औसत जनसंख्या के अनुपात में सीमित कर दिया है, जिससे सरगुजा जैसे जिलों में, जहाँ अनुसूचित जनजाति की आबादी 80 प्रतिशत से अधिक है, उन्हें सिर्फ 32 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। देश में 1993 से लागू पंचायती राज व्यवस्था के तहत, पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में पेसा कानून के जरिए जनप्रतिनिधियों को 50 प्रतिशत आरक्षण और प्रमुख पद (सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष) अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया। यह व्यवस्था इस आधार पर बनाई गई कि इन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति की आबादी बहुसंख्यक है। स्थानीय समुदायों का आरोप है कि सरकारी विभागों द्वारा ठेकदारी और संविदा आधारित नौकरियों में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति आदिवासी युवाओं के रोजगार और उनके संवैधानिक अधिकारों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। स्थानीय नेताओं और संगठनों ने माँग की है कि पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में होने वाली सभी भर्तियों में स्थानीय जनसंख्या के आधार पर आरक्षण लागू किया जाए। इसके लिए अलग से कानून बनाकर इसे संविधान की 9वीं अनुसूची में जोड़ा जाए, ताकि इसे किसी न्यायालय में चुनौती न दी जा सके। साथ ही, पेसा कानून की तर्ज पर आरक्षण रोस्टर में पहला पद अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के लिए आरक्षित करने की व्यवस्था की जाए। सरगुजा के आदिवासी समुदायों का मानना है कि इस पहल से क्षेत्र में शांति और सुशासन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, स्थानीय आदिवासी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव होगा। ज्ञापन सौंपते वक्त आदिवासी युवा छात्र संगठन छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

# जिले में गणतंत्र दिवस समारोह 2025 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी



एमसीबी: छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश के परिपालन में जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सभाकक्ष में 08 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025 के संबंध में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर एंव समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के व्यवस्थित संचालन एव उत्तरदायित्व निर्धारण के संबंध में निम्नांकित निर्णय लिए गए है। आमाखेरवा ग्राउन्ड मनेन्द्रगढ़, गणतंत्र समारोह के पूर्व ग्राउण्ड की साफ-सफाई, ट्रेक लाईनिंग ,बैठक हेतु कुर्सी व्यवस्था-समारोह स्थल पर शामियाना टेन्ट, वाटरप्रुफ टेंट व्ही.आई.पी. सोफा, कुर्सी, उद्घोषक के लिए तथा बैठक व्यवस्था के संबंध में अलग-अलग बोर्ड लगाकर संकेत लिखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। बेरीकेटिंग एंव लाईनिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग और रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन की है। वही समारोह स्थल पर माइक (उच्च कोटि) की व्यवस्था की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (विद्युत/ यांत्रिकी) की रहेगी। बेरिकेटिंग हेतु बांस-बल्ली की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जनसामान्य के लिए पेयजल हेतु पानी टैंकर/फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रहेगी। विद्युत की व्यवस्था 23 जनवरी 2025 तक कर ली जावे जिसका जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता, छ.ग.रा. विद्युत मण्डल/अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी विभाग की है। उद्घोषक की व्यवस्था की आदिवासी विकास विभाग, बैण्ड व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी की है। परेड के लिए जिला पुलिस विभाग होमगार्ड तथा छ.ग. सशस्त्र बल, वन रक्षक एवं कोटवार द्वारा पूर्ण गणवेश में मार्च पास्ट किया जायेगा, जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथि महोदय द्वारा किया जावेगा। रिर्हसल 20 जनवरी 2025 से प्रांरभ किया जाएगा तथा फाईनल रिर्हसल 24 जनवरी 2025 को सम्पन्न होगा। आमंत्रण पत्र की छपाई एवं वितरण की व्यवस्था मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की है। रंगोली के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के ठहरनें, सत्कार एंव भोजन की व्यवस्था विश्राम गृह लोक निर्माण विभाग मनेन्द्रगढ़/विश्राम गृह एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र 18 नई लेदरी में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग मनेन्द्रगढ़ एंव अनुविभागीय अधिकारी (रा.), स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/शहीद परिवार को लाने ले जाने तथा रूकवाने की व्यवस्था समारोह स्थल पर समय पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/ शहीद परिवार को लाने व ले जाने की व्यवस्था संबंधित पुलिस अधीक्षक, पुलिस थानेदार की होगी। मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण व्यक्तियों हेतु खुली जिप्सी व्यवस्था की जिम्मेदारी वनमंडलाधिकारी वन मण्डल अधिकारी एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन की है। माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के संदेश एवं समारोह स्थल पर रखने की व्यवस्था और मुख्य अतिथि के वाचन हेतु डेस्क पर रखने तथा सामान्य प्रक्रिया समारोह स्थल पर विशिष्ट व्यक्तियों/पत्रकारों को उपलब्ध कराने का व्यवस्था जनसम्पर्क अधिकारी, जिला कोरिया एवं जिला एमसीबी की रहेगी। चिकित्सा दल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की होगी। फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जिला आबकारी अधिकारी की रहेगी। समारोह स्थल पर माननीय मुख्य अतिथि महोदय को सर्किट हाउस से लाने की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की होगी। समारोह स्थल पर अतिथि महोदय द्वारा प्रातः 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा। 24 जनवरी 2025 को प्रातः 8:30 बजे आमाखेरवा ग्राउन्ड मनेन्द्रगढ़ के प्रांगण में अंतिम रिहर्सल किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यात्रिकी/अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यंत्रिकी), मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन और रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन रहेंगें। बैठक व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेंद्रगढ़, तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और नगर पालिका अधिकारी रहेंगे । इसके साथ ही झाँकी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर शासन के महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं से संबंधित झांकी/प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। झांकी का आयोजन शिक्षा विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, मत्स्य विभाग, पशु विभाग, उद्यान विभाग, एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र/एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र द्वारा किया जाएगा। सभी झांकियों की सुव्यस्थित प्रदर्शनी हेतु नोडल अधिकारी श्री लिंगराज सिदार संयुक्त एवं अनुविभागीय अधिकारी रहेंगे। ध्वजारोहण स्थल के मुख्य मंच एंव जिप्सी की साज-सज्जा हेतु नोडल अधिकारी श्री लिंगराज सिदार संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उद्यान अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ को बनाया गया है। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी स्कूल एवं कॉलेज से चयन सूची प्राप्त कर समयानुसार प्रस्तुति तैयार कराने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की है। इस गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार सिदार अपर कलेक्टर एमसीबी होंगे। इसके साथ ही समस्त जिला अधिकारी दिये गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े 366 जोडों को देंगी आशीर्वाद



अम्बिकापुर: महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज अंबिकापुर प्रवास के दौरान वहां मां महामाया प्रवेश द्वार लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होंने सरगुजा अंचल की आराध्य देवी मां महामाया का आशीर्वाद लेकर पूरे प्रदेश की सुख, शांति व समृद्ध की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री राजेश अग्रवाल, विधायक श्री प्रबोध मिंज, विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, श्री भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद श्री कमलभान सिंह एवं सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. (एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी) सेंटर का हुआ शुभारंभ



एमसीबी: स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेन्टर की शुभारंभ किया गया है। इस सेन्टर के माध्यम से एचआईवी से संक्रमित मरीजों को सम्पूर्ण औषधि का लाभ मिलेगा । पूर्व में एचआईवी से संक्रमित मरीजों को 200 किमी दूर लिंक ए.आर.टी. सेन्टर, अम्बिकापुर से औषधी लेने जाना पड़ता था। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के द्वारा मरीजों के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए, नवीन जिला एम.सी.बी. के अर्न्तगत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेंटर का शुभारंभ किया गया। लिंक ए.आर.टी. सेन्टर में एचआइव्ही संक्रमित मरीजों के लिए औषधी उपलब्ध रहेगी। जिला में वर्ष 2008 से माह नवम्बर 2024 तक लगभग 269 मरीज एचआइव्ही से संक्रमित है। जिसका विवरण आईसीटीसी ( एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केंद्र) मनेन्द्रगढ़ में एचआईवी से संक्रमित मरीजों की संख्या 178, आईसीटीसी चिरमिरी में एचआईवी से संकमित मरीजों की संख्या 85 एवं आईसीटीसी जनकपुर में एचआईवी से संक्रमित मरीजों की संख्या 06 पंजीकृत है। वर्तमान समय जिले में 01 अप्रैल 2024 से माह नवम्बर 2024 तक 50 मरीज एचआईवी से संक्रमित मरीजों का पंजीयन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का बैठक आहूत कर लिंक ए.आर.टी. सेन्टर के संबंध में जानकारी दी एवं एचआईवी से संक्रमित मरीजों का सम्पूर्ण ईलाज के संबंध में बताया गया। साथ ही तीनो विकासखण्ड के आईसीटीसी के परामर्शदाताओं को एचआईवी संक्रमित मरीजों का प्रबंधन संबंधी जानकारी दी गई। बैठक दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुछ संक्रमित मरीजों को औषधि वितरण एवं सेवन के संबंध में जानकारी देते हुए लिंक ए.आर.टी. सेंटर का शुभारंभ किया गया।

# जिला पर्यटन विशेष: रमदहा जलप्रपात जिले का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल



एमसीबी: उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित रमदहा जलप्रपात वास्तव में एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। यह जलप्रपात घने जंगलों से घिरा हुआ है, जो इसकी सुंदरता को और भी बढ़ाता है। यह जलप्रपात पिछले कुछ वर्षों में सैलानियों के बीच काफ़ी लोकप्रिय हुआ है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बना दिया है। रमदहा जलप्रपात की सुंदरता न केवल इसके जलप्रपात में है, बल्कि इसके आसपास के क्षेत्र में भी फैली हुई है। यहाँ के घने जंगल, हरे-भरे मैदान और शांत वातावरण इसे एक आदर्श स्थल बनाते हैं। जहाँ लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ आराम कर सकते हैं और प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। यह जलप्रपात छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से करीब 350 किलोमीटर की दुरी में स्थित है, जो इसे एक आसानी से पहुँच योग्य स्थल बनाता है। जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत पड़ने वाले ब्लॉक जनकपुर मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर बहरासी वन परिक्षेत्र का करवा बीट पड़ता है। जहां के ग्राम पंचायत धोवाताल के बरेल नाम के जंगल से बनास नदी का उद्गम होता है। बनास नदी के उद्गम स्थल से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर जिले का यह प्रसिद्ध रमदाह जलप्रपाप है। जहां पर जाकर यह नदी अपनी सुंदरता को 50 मीटर चौड़ाई और 100 फीट नीचे गिरते हुए बिखेरती है। इस दौरान जलप्रताप का बहता पानी एक अलग ही खूबसूरती को बयां करता है। जिसे देखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ मध्य प्रदेश से लेकर उत्तर प्रदेश तक के पर्यटक इसकी सुंदरता को निहारने के लिए यहां पहुंचते हैं। यह जलप्रपात न सिर्फ उत्तर छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी प्रांत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी प्रसिद्धि हो चुका है। दिसंबर और जनवरी के महीने के दौरान यहां लोग पहले पिकनिक मनाने के लिए आते थे। वर्तमान में प्रत्येक दिन सैलानियों का यहां आना-जाना लगा रहता है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से विकसित है, जो वर्षा के दिनों में अपनी सौंदर्य बिखेरता है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक है। बनास नदी का पानी ऊंचाई से जब नीचे गिरता है, तो नीचे से ऐसा प्रतीत होता है मानों धुंध ने समूचे स्थल को घेर लिया है। झरने से गिरता पानी आगे चलकर बनास नदी का विराट स्वरूप ले लेता है। बारिश के दिनों में जलप्रपात की सुंदरता वास्तव में अद्भुत होती है। पानी की धारा तेज होती है और जलप्रपात की आवाज़ सुनने में बहुत ही सुखद लगती है। यह जलप्रपात अपनी अनोखी सुंदरता के लिए जाना जाता है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह जलप्रपात की सुंदरता कुछ ऐसी है कि इसे हर कोई अपने कैमरे में कैद करना चाहता है।

## कलेक्टर व निगम प्रशासक के निर्देश पर निगम आयुक्त शहर की साफ़-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का प्रतिदिन कर रहे निरीक्षण



एमसीबी: छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के विशेष निर्देश पर कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम चिरमिरी के मार्गदर्शन पर नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला चिरमिरी के वार्डो का भ्रमण प्रतिदिन कर रहे हैं। नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी के साथ प्रातः सुबह साफ-सफाई एवं वार्डो मे चल रहे हैं, निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम आयुक्त कोरिया कॉलरी के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से होने पर स्वच्छता दीदियों की प्रसंशा की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को समझाइए देते हुए कहा कि शहर में शत-प्रतिशत यूजर जार्च वसूली पर विशेष ध्यान देवें। इसके साथ ही आयुक्त ने शहर के बड़ाबाजार में अस्थाई जिला चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण कर पूरे परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था निरंतर बनाए रखने कर्मचारी व आमजनों से अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बड़ाबाजार में तालाब का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मचारियों को बेहतर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम के सहायक अभियंता विजय बधावन, जिला समन्वयक (पीआईयू) प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि की ओर बढ़ते कदम, पथ विक्रेताओं के परिवारों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का मिल रहा विशेष लाभ




एमसीबी: भारत सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि, पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन से नगर निगम चिरमिरी के फुटकर दुकानदारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। गौरतलब है कि कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन में हुए नुक़सान एवं व्यवसाय को पुनः स्थापित करने वाले चाट, फुल्की, सब्जी एवं फ़ल दुकान, नाई, पंचर बनाने का काम करने वाले छोटे-मझौले व्यवसायों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत ऐसे शहरी पथ विक्रेताओं को बैंक के माध्यम से क्रमशः 10 से 20 हज़ार एवं 50 हज़ार 03 से 04 प्रतिशत ब्याज पर ऋण राशि प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित 1521 शहरी पथ विक्रेताओं के पूरे परिवारों के सदस्यों को स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत भारत सरकार की 08 महत्वकांक्षी योजनाओं से जोड़ने हेतु इन परिवारों के सामाजिक-आर्थिक, सर्वेक्षण का कार्य नगर निगम में किया जा रहा है। वही स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत पीएम सुरक्षा बिमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन-धन योजना, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा बिमा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन अंडर बीसोसिडब्लू से शहरी पथ विक्रेताओं के परिवारों के सदस्यों को जोड़ा जाता है। इस सम्बंध में आयुक्त रामप्रसाद आचला ने बताया कि स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत अब तक कुल 865 लक्षित परिवार सामाजिक, आर्थिक प्रोफाईलिंग का कार्य पूर्ण कर भारत शासन इन योजनाओं हेतु पात्र पाया गया है, जिसमें पीएम सुरक्षा बिमा योजना 1681, पीएम जीवन ज्योति बिमा योजना 1309, पीएम जन धन योजना 267, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना 475, जननी सुरक्षा योजना 12, वन नेशन वन राशन कार्ड 06 रजिस्ट्रेशन अंडर बॉस 18 शासन के निर्देशानुसार सर्वेक्षण के विभिन्न योजनाओं हेतु पात्र सदस्यों को संबंधित योजना से जोड़ने संबंधित विभाग एवं वेंडर के परिवार के सदस्यों से समन्वय कर निकाय स्तर पर शिविरों का आयोजन कर संबंधित योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे गिरफ्तार

**रायपुर**
छत्तीसगढ़ में 2160 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा को गिरफ्तार कर लिया है। इस घोटाले का खुलासा कुछ महीने पहले हुआ था, जब ईडी ने जांच शुरू की और इसे राज्य के सबसे बड़े घोटालों में से एक बताया। आरोप है कि जब यह घोटाला हुआ, उस समय कवासी लखमा आबकारी मंत्री थे। ईडी ने इस मामले में लंबे समय तक जांच की और कई चरणों में पूछताछ की।



पिछले महीने 28 दिसंबर को ईडी ने लखमा और उनके बेटे के ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान ईडी को नकद लेन-देन और वित्तीय अनियमितताओं के पुख्ता सबूत मिले थे। इसके बाद 3 जनवरी और 9 जनवरी को ईडी ने उनसे पूछताछ की। 15 जनवरी को रायपुर स्थित ईडी कार्यालय में कवासी लखमा और हरीश लखमा को तीसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया गया। लगभग 8 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी का कहना है कि इस घोटाले में सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया। शराब बिक्री में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के चलते करोड़ों रुपये का गबन हुआ। जांच में नकद लेन-देन और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों के सबूत सामने आए हैं। ईडी अब लखमा और उनके बेटे को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। यह मामला छत्तीसगढ़ में राजनीतिक भूचाल ला सकता है, क्योंकि कवासी लखमा सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेता और बड़े आदिवासी नेता माने जाते हैं। यह गिरफ्तारी राज्य की राजनीति में बड़े असर डाल सकती है। इससे पहले दिल्ली के शराब घोटाले में भी ईडी ने कार्रवाई की थी, जिसमें मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं की गिरफ्तारी हुई थी। अब छत्तीसगढ़ का यह मामला भी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है।

## सक्ती जिले का नगरदा वाटरफॉल प्राकृतिक सौन्दर्य और हरियाली से है परिपूर्ण



सक्ती जिले में स्थित नगरदा वाटरफॉल एक बहुत ही सुन्दर जलप्रपात है। इस जलप्रपात की प्राकृतिक सौन्दर्यता को देखकर यहाँ पहुचने वाले लोग इस जगह के कायल हो जाते है । नगरदा वाटरफॉल प्राकृतिक सौन्दर्य और हरियाली से परिपूर्ण है। नगरदा वाटरफॉल छत्तीसगढ़ के सक्ती जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर नगरदा ग्राम में गुड़हा पहाड़ी पर स्थित है। इस झरने के पास एक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। पहाड़ियों के बीच बना यह मंदिर आगन्तुकों को एक अलग ही शांति प्रदान करती है। नगरदा जलप्रपात जिसे झोरझोरा जलप्रपात के नाम से भी जाना जाता हैं। नगरदा वाटरफॉल की बरसात के मौसम में ख़ूबसूरती सबसे अधिक होती है। हरे भरे पेंड पौधों के बीच यह जलप्रपात अपनी अलग ही ख़ूबसूरती बिखेरता हैं। नगरदा वॉटरफॉल को देखने और घुमने के लिए सक्ती, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर सहित अन्य कई जिलों तथा दूर-दूर से लोग यहाँ पहुंचते हैं।

# नये भारत में युवाओं के लिए धरती से लेकर आकाश तक कामयाबी के हैं असीमित अवसर: उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़




उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे नए भारत के राजदूत हैं और देश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्तिगत हित राष्ट्रहित से बड़ा नहीं है। युवाओं को केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित न रहकर तकनीक, कौशल और नवाचार के माध्यम से असीमित अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने बाबा गुरु घासीदास को एकता और समानता का प्रतीक बताया और उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से असफलताओं से घबराने की बजाय उनसे सीख लेने की प्रेरणा दी। समारोह में सत्र 2022-23 और 2023-24 के 85 मेडल और 122 पीएचडी उपाधियां प्रदान की गईं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान छत्तीसगढ़ में शिक्षा और ज्ञान का प्रकाशस्तंभ है। उन्होंने स्वर्ण पदक और पीएचडी प्राप्तकर्ताओं की कड़ी मेहनत और सर्मपण को सराहा और विद्यार्थियों से विविधता और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का यह केंद्रीय विश्वविद्यालय महान संत बाबा गुरु घासीदास जी के नाम पर स्थापित है, जो ज्ञान, समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य में नई औद्योगिक नीति लागू की गई है, जिससे अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने नवा रायपुर को आईटी हब के रूप में विकसित करने और दिल्ली के ट्राइबल यूथ हॉस्टल में यूपीएससी तैयारी के लिए सीटें बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभानी होगी। समारोह में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, धर्मलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल सहित शिक्षाविद, अनुसंधानकर्ता, विद्यार्थी, अभिभावक और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।